# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 18 September 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 21 | Pages 04 | ₹3.00


## Post Malone to perform in Guwahati on 8 Dec

**NEW DELHI, 17 SEPT** Global superstar Post Malone is set to perform his first-ever solo headline show in Northeast India, with a concert scheduled for 8 December at Khanapara Veterinary Ground in Guwahati, Assam. The event is produced by BookMyShow Live in collaboration with Live Nation and the Assam government. This performance marks Malone's debut stadium show in the region, following his appearance in Mumbai in 2022 for a charitable event.

## Elderly man killed over food dispute in Uttar Pradesh

**HATHRAS, 17 SEPT** A man has been arrested for allegedly murdering a 75-year-old villager in Uttar Pradesh's Hathras district following a dispute over food, officials reported on Wednesday. The body of Dorilal Upadhyay was discovered in a field in Kevalgarhi village on 13 September, displaying severe injuries. His son, Hariom, filed a complaint that led to the registration of a case. Senior police officials visited the scene with a forensic team, prompting the formation of multiple investigative teams.

## Brother, his wife kill man, pass it off as accident

**NAGPUR, 17 SEPT.** A man and his wife have been arrested in connection with the suspected murder of his brother, whose death was initially passed off as an accident. The 40-year-old victim was discovered dead in the bathroom of his home at Eros Society in Shiv Nagar on 2 September. The family claimed he had fallen and sustained a head injury, but a post-mortem revealed severe head injuries consistent with assault, according to an official from Mankapur police station. "There was tension among family members due to the deceased's drinking habits,"

# Farmers burning stubble must be arrested, says SC

### Instead of burning, stubble can be re-purposed as biofuel: SC

**FAIR REPORT : NEW DELHI**

Concerned over the usual spike in pollution levels in winter, the Supreme Court asked the Punjab government on Wednesday why some errant farmers should not be arrested for indulging in stubble burning, a key contributor to air pollution, to send across a stern message.

The court heard a suo-motu plea relating to filling up vacancies in the state pollution control boards of Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan and Punjab.

The court asked these states, the Commission for Air Quality Management (CAQM) and the Central Pollution Control Board (CPCB) to fill up vacancies within three months.

Stubble burning is a practice in vogue among farmers to quickly clear their fields for the next sowing cycle.



The court said stubble, instead of being burnt, can be re-purposed as biofuel and insisted that the state must consider stricter punitive provisions if it is genuinely committed to environmental protection.

The counsel for Punjab government said that several steps had been taken and the number of stubble-burning incidents has decreased from 77,000 to 10,000 in recent years.

He said arresting small farmers, who till around one hectare of land, could disproportionately impact them and their dependents would suffer. Stubble burning is prohibited under the Environment Protection Act, which does not prescribe penalties and rather the CAQM Act provides for action against erring officials.

Senior advocate and amicus curiae Aparajita Singh said despite subsidies, equipment and repeated orders of the apex court since 2018, the ground situation has not improved substantialle.

## SC reverses order on Haryana Village Commons

**NEW DELHI, 17 SEPT** The Supreme Court has set aside its April 2022 decision directing that the village common lands in Haryana be returned to gram panchayats. The top court had held that in respect to land taken from the proprietors, the management and control would vest with the panchayat. It upheld a Punjab and Haryana High Court ruling, which had held that land not earmarked for common purposes during consolidation would vest with proprietors, not the panchayat or the state.



## SC CANCELS BAIL TO CHHOTA RAJAN IN 2001 MURDER

**FAIR REPORT : NEW DELHI**

The Supreme Court on Wednesday cancelled the bail granted to gangster Chhota Rajan in the 2001 murder case of hotelier Jaya Shetty in Mumbai.

The court allowed the CBI's appeal challenging a Bombay High Court order, suspending the life sentence of Rajan and granted him bail.

Rajan remained absconding for 27 years and was convicted in four cases.

Rajan's counsel argued it was a case of no evidence. Of the 71 cases, the CBI did not find any material against him in 47 cases.

After his counsel said Rajan was acquitted in several cases, the court said the acquittals were due to the reason that witnesses did not come forward. The court noted he was serving sentence for the murder of veteran crime reporter J Dey.

In 2024, a special court convicted Rajan in the hotelier's murder case and sentenced him to life imprisonment. He later approached the high court.

# Govt examines claims of arms struggle suspension by Maoists

**FAIR REPORT : RAIPUR**

The outlawed CPI (Maoist) has announced a temporary suspension of its armed struggle to facilitate peace talks, but has asked the government to declare a one-month 'ceasefire' and halt security operations to initiate the process.

The Chhattisgarh government said it was verifying the authenticity of the statement, which surfaced on social media on

The rebels appealed to the government to share their decision on the issue via the internet and government news media, including radio.

The two-page statement, dated 15 August, was issued in the name of Abhay, a spokesperson of the central committee of Maoists, and came nearly four months after the killing of Nambala Keshav Rao alias Basavaraju, general secretary of the Communist Party of India (Maoist), in an encounter with security forces in Chhattisgarh's Bastar region.

Deputy Chief Minister Vijay Sharma said the best way for Maoists is to surrender and avail rehabilitation benefits.



The Maoists had earlier proposed a ceasefire to the government. However, the Centre intensified its operations against them

The term 'ceasefire' is highly objectionable as there is no war-like situation that requires one, he said.

The Maoists had proposed a ceasefire to the government earlier.

However, the central government intensified its operations, they said.

## Naxalites kill man in Chhattisgarh

**BIJAPUR, 17 SEPT**

Naxalites hacked a man to death in Chhattisgarh's Bijapur district, suspecting him of being a police informer. A group of Naxalites barged into Dashru Ram Oyam's house on 16 September, dragged him outside and killed him with axes.

The police have launched search operation in the area to track down the killers.

## HC DISMISSES PLEA AGAINST 'JOLLY LLB 3'

**FAIR REPORT : MUMBAI**

The Bombay High Court on Wednesday dismissed a plea against Akshay Kumar and Arshad Warsi's courtroom drama "Jolly LLB 3" alleging mockery of judges and lawyers, noting the court was used to such mockery.

"Don't worry about us," the HC said.

The petition filed by the Association for Aiding Justice through advocate Chandrakant Gaikwad sought a stay on the release of the movie and also deletion of the song, 'Bhai Vakeel Hai', claiming it to be derogatory towards the legal profession.

The petitioner's lawyer, Dipesh Siroya, said the movie and song make a mockery of not just lawyers but also judges, as they are referred to as "mamu", a slang, which was derogatory and insulting.

The court appeared amused and said it was not worried about the same.

The filmmakers informed the bench that a similar plea against the movie was filed before the Allahabad High Court, and the same was dismissed.

# PM Modi to Launch ₹45,000-Crore Nuclear Power Project in Banswara on Sept 25





**Sushil Pal**

**FAIR REPORT**

**Jaipur/Banswara:** Prime Minister Narendra Modi is scheduled to visit Banswara on September 25 to lay the foundation stone of India's largest nuclear power project, worth approximately 45,000 crore. The project is being developed near the Mahi Dam on the Rajasthan–Madhya Pradesh border as part of the country's ambitious nuclear energy mission. During his visit, the Prime Minister is also expected to visit the Tripura Sundari Temple, one of the prominent Shakti Peeths, and address a large public gathering. Preparations for the event are underway under the supervision of the government and the BJP.

### India's Largest Nuclear Project

BJP State President Madan Rathore confirmed that the Banswara project will be the biggest nuclear power facility in the country. Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma, Madhya Pradesh Chief Minister Mohan Yadav, and several state ministers will also attend the foundation stone ceremony.

In addition to the nuclear project, PM Modi may inaugurate or lay foundation stones for other developmental projects in Rajasthan and Madhya Pradesh. Official details on these additional projects are expected soon.

### Earlier Visit to Rajasthan

This will be the Prime Minister's second visit to Rajasthan this year. On May 22, he visited Deshnok in Bikaner after Operation Sindoor, where he offered prayers at the Karni Mata Temple, inaugurated the modernised railway station, and addressed a public gathering in Palana village. During that visit, PM Modi recalled the Pahalgam terror attack and praised the Indian Army for compelling Pakistan to yield. He said, "Pakistan forgot that Mother India's servant Modi stands tall today. My mind is calm, but my blood is hot. My veins flow with the hot sindoor."

# Modi Thanks Putin, Offers Peace Role

**FAIR REPORT**

**New Delhi:** Prime Minister Narendra Modi thanked Russian President Vladimir Putin for his 75th birthday greetings during a phone call on Tuesday. Modi reaffirmed India's commitment to strengthening the "special and privileged" strategic partnership with Russia. Addressing the Russia–Ukraine conflict, Modi stressed India's consistent call for dialogue and peace, offering to contribute constructively toward a resolution. Observers see this as part of India's role as a global bridge-builder, aligning with its G20 vision of "One Earth, One Family, One Future." Putin's call came alongside greetings from other world leaders, underlining Modi's global stature.

# A Leader Who Turned Aspiration Into Destiny



**Hemraj Tikam chand Tiwari**

*Journalist*

As Prime Minister Narendra Modi turns 75, the nation marks the day not with pageantry but with "Seva Pakhwada"—a fortnight of service, health camps, cleanliness drives, awareness campaigns, and outreach programs. It is not just a birthday commemoration but a symbolic extension of the leader's philosophy: that governance is meaningful only when it translates into service to the people.

### Transformative Leadership

In just over a decade, Modi has shifted the axis of Indian politics and governance. From launching the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana that gave 50 crore Indians access to formal banking, to Ayushman Bharat that made healthcare accessible to the poorest, his policies have blended vision with implementation. Infrastructure—highways, railways, airports—has expanded at unprecedented speed, while digital India initiatives have turned smartphones into gateways of empowerment.

### India as a Global Soft Power

Under Modi, Bharat has positioned itself as a civilizational state with modern ambition. International Day of Yoga, adopted by the United Nations in 2014, symbolizes India's cultural leadership. The G20 presidency showcased India not as a participant but as a convener of global consensus. In forums from BRICS to COP summits, Modi's voice carries the weight of a leader who represents both tradition and transformation. India today is recognized as the "voice of the Global South," a role it had long aspired to play.



### The Road Ahead

"Seva Pakhwada" serves as a reminder that service remains the core of leadership. As India gears up for challenges—climate change, digital disruption, global economic shifts—the Modi model blends continuity of tradition with agility of innovation. If the past decade was about awakening India's confidence, the coming decades will be about fulfilling its destiny.

At 75, Narendra Modi is more than India's Prime Minister. He is the face of Bharat's rise, a symbol of its soft power, and an architect of its future. His leadership has shown that when vision meets action, history is not merely observed—it is created.

### From the Common Man to a Common Dream

The power of Modi's leadership lies in how it has reshaped the vision of the average Indian. A farmer in Madhya Pradesh with access to direct cash transfers, a woman in Bihar with an LPG connection under Ujjwala Yojana, or a student in Rajasthan with access to digital learning resources—all experience government not as an abstract entity but as an enabler of daily life. This is leadership that touches the grassroots and converts individual aspiration into collective strength.

### A Leader Beyond Centuries

The phrase "Yatha Raja Tatha Praja"—as the leader, so the people—finds a modern resonance in Modi. His personal discipline, humility in origin, and relentless pursuit of national goals inspire millions. Unlike leaders who become relics of their times, Modi has become a force who defines the times. In a single decade, he has elevated India's global standing, instilled confidence in its citizens, and offered a road map to 2047, when Bharat aspires to be a fully developed nation.

## सेवा पखवाड़ा : सेवा शिविरों में जनहित से जुड़ी समस्याओं की शिकायत करने का आह्वान किया

# मोदी के जन्मदिन पर किए जनहित के काम

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार से सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई। इसके तहत जयपुर में साफ-सफाई की गई। 75 देशों में एक साथ रक्तदान कैम्प लगाए गए। जयपुर में 5500 यूनिट रक्तदान हुआ। पौधारोपण भी हुआ। शहरी सेवा शिविर की शुरुआत भी की गई। जिनमें जन्म, विवाह, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स बनाने के अलावा जमीन, मकान, दुकानों की लीजडीड (पट्टे) और बकाया लीज राशि जमा करवाने पर एनओसी व फ्री-होल्ड पट्टे जारी करने का काम होगा। सीएम ने जेकेके में नमो प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।







## सीएम ने चाय बनाई, सबको पिलाई, झाड़ू भी लगाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आज से राजस्थान में सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार (17 सितंबर) सुबह मानसरोवर के सिटी पार्क में सफाई कर पौधारोपण किया। पार्क से लौटते समय सड़क किनारे एक थड़ी पर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के लिए चाय भी बनाई। सेवा पखवाड़े में बुधवार को सीएम ने जवाहर कला केंद्र में नमो प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। यहां बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा सहित अन्य बीजेपी पदाधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि- राजस्थान में स्वच्छता को लेकर अच्छा काम हुआ है। पौधारोपण को लेकर भी हमने रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि पीएम के अभियान को देश ने मिशन बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद देश की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया है। आज दुनिया में भारत के लोगों को सम्मान की नजरों से देखा जाता है। हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। वहीं, उनका शुरू किया गया स्वच्छता अभियान अब मिशन बन गया है। स्वच्छता के मामले में राजस्थान में भी काफी अच्छा काम हुआ है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर दोनों स्वच्छता रैंकिंग में टॉप शहरों में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने हवामहल के बाहर सफाई कर सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। इस दौरान राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए आम जनता को सफाई रखने की शपथ भी दिलाई।









## अब आम जनता के काम जल्द होंगे पूरे : सीएम

बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल ने मालवीय नगर कम्युनिटी सेंटर में सेवा शिविर अभियान की शुरुआत की।उद्घाटन के मौके पर सीएम ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर हमने आम जनता को राहत देने के लिए इस शिविर की शुरुआत की है। इन शिविर के माध्यम से आम जनता के काम जल्द से जल्द पूरे होंगे। जिनका वह पिछले लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू की गई है। अगर कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है। यह शिविर उन लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू किया गया है। सड़क से लेकर सीवरेज में किसी तरह की कोई समस्या या खराबी है तो सेवा शिविर में इसकी शिकायत करें।

## डोटासरा बोले- सरकार के मंत्री और संतरी अवैध बजरी कारोबार में डूबे

FAIR REPORT
जयपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार पर जुबानी हमला बोला है। बूंदी में एक निजी होटल में मीडिया से वार्ता में डोटासरा ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मंत्री और संतरी अवैध बजरी के कारोबार में व्यस्त हैं, जनता त्रस्त है लेकिन जवाब देने वाला कोई नहीं।




डोटासरा ने सबसे पहले राज्य में फलते-फूलते अवैध बजरी कारोबार को लेकर सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार के जिम्मेदार लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कानून-व्यवस्था का हाल यह है कि पीड़ित लोगों की कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार जवाबदेही से भाग रही है।डोटासरा ने दावा किया कि भाजपा सरकार दो खेमों में बंट चुकी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सुबह मंत्री किरोड़ी लाल मीणा कुछ कहते हैं और शाम को मुख्यमंत्री उसका उलटा बयान दे देते हैं। ऐसे में सरकार का कोई फैसला स्थायी नहीं रहता। इससे जनता में अविश्वास और निराशा गहराती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतिगत असफलता ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। इस अनिश्चितता ने युवा पीढ़ी को मानसिक तनाव की ओर धकेल दिया है।

## नए चुनाव आयुक्त 19 को संभालेंगे पदभार, सामने होगी कई चुनौतियां

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त मिल गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे मधुकर गुप्ता का कार्यकाल खत्म होने बाद वरिष्ठ अधिकारी राजेश्वर सिंह को चुना गया गया है। इस संबंध में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को नियुक्ति आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार नए राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह 19 सितंबर को अपना पदभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल शुक्रवार दोपहर1:15 बजे से शुरू होगा। वह सचिवालय स्थित पंचायती राज भवन में राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में अपना कामकाज देखेंगे।



### जयपुर कलेक्टर रहे

राजेश्वर सिंह ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भी रहे हैं। उन्होंने जयपुर कलेक्टर और संभागीय आयुक्त के साथ कई अन्य विभागों के प्रशासनिक मुखिया के रूप में काम किया है।

### बड़ी जिम्मेदारियां होंगी कंधों पर

राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में राजेश्वर सिंह के पास नगर निगम, नगर पालिका और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने की बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब प्रदेश में आगामी स्थानीय चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। उनके अनुभव और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि वे इन चुनावों को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## ब्रीफ खबरें

### पीएम बांसवाड़ा में परमाणु ऊर्जा परियोजना का करेंगे शिलान्यास



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा आ रहे हैं। वे यहां राजस्थान-मध्यप्रदेश के बॉर्डर पर बन रहे करीब 45 हजार करोड़ की परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। माही डेम के पास बनने वाला यह प्रोजेक्ट परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत बनकर तैयार होगा। पीएम बांसवाड़ा दौरे के दौरान शक्तिपीठों में से एक त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में भी दर्शन कर सकते हैं। मोदी यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारी सरकार और पार्टी स्तर पर जारी हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बांसवाड़ा में देश का सबसे बड़ा आणविक शक्ति केंद्र बनने जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा के साथ मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव और उनकी कैबिनेट के कई मंत्री भी शामिल होंगे। मोदी इस शिलान्यास कार्यक्रम के साथ-साथ राजस्थान और मध्यप्रदेश से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी कर सकते हैं। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना शेष हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण बोर्ड में भर्ती के लिए दिए तीन माह




**जयपुर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राजस्थान के मुख्य सचिव का हलफनामा स्वीकार करते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सीधी भर्ती के खाली पदों को भरने के लिए तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राजस्थान की ओर से दी गई दलीलों को मानते हुए पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों को इस समयसीमा से बाहर रखा है। दरअसल, 8 मई 2025 को सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्तियों को भरने के लिए 30 अप्रैल 2025 की समयसीमा का पालन न करने पर राजस्थान सहित कई राज्यों के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया था। इसके जवाब में, राजस्थान के मुख्य सचिव ने कोर्ट में एक हलफ़नामा दायर किया। राजस्थान की ओर से पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कोर्ट को बताया कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल 808 स्वीकृत पदों में से लगभग 70% पद पहले ही भरे जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल 250 पद ही रिक्त हैं, जिनमें से 175 पद पदोन्नति से भरे जाने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों को यह भी निर्देश दिया है कि वे शपथपत्र दाखिल कर बताएं कि दिवाली के दौरान बढ़ने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वे कौन-कौन से ठोस कदम उठाएंगे।

## गहलोत, पायलट, डोटासरा सहित 31 नेता शामिल, 28 नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया

# कांग्रेस ने बनाई ओबीसी एडवाइजरी कमेटी

FAIR REPORT
जयपुर

कांग्रेस ओबीसी विभाग ने राजस्थान में ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया है। एडवाइजरी काउंसिल में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ सहित 31 नेताओं को शामिल किया है। 28 नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है, इनमें सांसद बृजेंद्र ओला और उम्मेदाराम बेनीवाल को शामिल किया गया है। 11 विधायकों, 8 पूर्व विधायकों, 5 प्रदेश पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। 2 प्रदेश महासचिवों के साथ कांग्रेस ओबीसी विभाग के कन्वीनर हरसहाय यादव को भी शामिल हैं। कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने स्टेट ओबीसी एडवाइजरी कमेटी और विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की है।



### मौजूदा और पूर्व पदाधिकारी शामिल

प्रदेश महासचिव ललित तूनवाल, उपजिला प्रमुख प्रेम कुमार पाटीदार, कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहित सोनी, सुरेंद्र लंबा, पूर्व प्रदेश सचिव जगदीश वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव राजेश कुमावत, जयंती बिश्नोई शमा बानो, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष मुकेश वर्मा और उर्मिला योगी, पीसीसी मेंबर शैलेंद्र यादव, पूर्व पीसीसी मेंबर बाबूलाल यादव, ओबीसी कांग्रेस की प्रदेश महासचिव संतोष डूडी, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष पुखराज पाराशर, राजेंद्र सेन, यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव सतपाल देवासी और सामाजिक कार्यकर्ता उदयवीर यादव शामिल हैं।

### ये होंगे विशेष आमंत्रित सदस्य

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ चंद्रभान, सांसद बृजेंद्र सिंह ओला और उम्मेदाराम बेनीवाल, विधायक रतन देवासी और मनीष यादव, पूर्व मंत्री लक्ष्मण सिंह रावत, शकुंतला रावत, शाले मोहम्मद, रामलाल जाट, पूर्व विधायक जीआर खटाना और सुचित्रा आर्य को शामिल किया है।

### 2 पूर्व बोर्ड अध्यक्ष 3 पूर्व मंत्री, 5 पूर्व विधायकों को एडवाइजरी काउंसिल में मिलीं जगह

एडवाइजरी काउंसिल में 3 पूर्व मंत्रियों, 5 पूर्व विधायकों और 2 पूर्व बोर्ड अध्यक्षों को भी शामिल किया है। पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, सुखराम बिश्नोई और राजेंद्र चौधरी को काउंसिल में जगह मिली है। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, मनीषा पवार, जगदीश चंद्र शर्मा, हंगामी लाल मेवाड़ा और इंद्रराज गुर्जर भी काउंसिल का हिस्सा होंगे। इसके साथ ही, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत और सुनील परिहार को भी एडवाइजरी काउंसिल में शामिल किया गया है। प्रदेश महासचिव राजेश चौधरी और गजेंद्र सिंह सांखला। प्रदेश सचिव भूरा राम सीरवी, कांग्रेस ओबीसी विभाग के कन्वीनर हरसहाय यादव, पूर्व प्रदेश सचिव हरीश यादव, ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष गोविंद बंजारा, रिटायर्ड आईएस जस्साराम चौधरी को शामिल किया है।

## ब्रीफ खबरें

### न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेंगे प्रदेश के डॉ. गोलेच्छा



**जयपुर।** देश के सर्वश्रेष्ठ दस वैज्ञानिकों और विश्व के श्रेष्ठतम दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल राजस्थान के डॉ. महावीर गोलेच्छा 23 सितम्बर से न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा सप्ताह में भाग लेंगे। इस वैश्विक मंच पर वह जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के गहरे संबंधों पर प्रकाश डालेंगे। साथ ही भारत के हीट एक्शन प्लान को दुनिया को बताएंगे। यह आयोजन हर वर्ष सितंबर में अमेरिका में होता है। इसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और नीति निर्माता वैश्विक चुनौतियों पर साझा रणनीति बनाने के लिए एकत्र होते हैं। इस वर्ष जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सुरक्षा और सतत विकास जैसे मुद्दे विशेष रूप से केंद्र में हैं। इस दौरान वह पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के फाउंडेशन की 20वीं वार्षिक बैठक में भी भाग लेंगे। पिछले वर्ष भी डॉ. गोलेच्छा ने इस महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों, तेरापंथ धर्म संघ के अणुव्रत और साइंस ऑफ लिविंग कार्यक्रम की भूमिका को भी उजागर किया है। मूलत: राजस्थान के निवासी डॉ. गोलेच्छा फिलहाल गुजरात के गांधीनगर स्थित भारतीय जन स्वास्थ्य संस्थान में कार्यरत हैं। डॉ. गोलेच्छा के दुनिया में 140 से अधिक शोध प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य संकट से जूझने के लिए भारत का अनुभव और निवारक नीतियां दुनिया के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती हैं। भारत का हीट एक्शन प्लान सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा में मॉडल के तौर पर सामने आया है। यह योजना न केवल जीवन बचाने में सहायक है, बल्कि अन्य देशों के लिए भी अनुकरणीय है।

### पहले बेटी को चौपाटी घुमाया, फिर झील में फेंक कर दी हत्या



**अजमेर।** अजमेर के मां ने 3 साल की बेटी को पहले आनासागर की चौपाटी पर घुमाया और फिर झील में फेंक दिया। डूबने से मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर लिया। महिला लिव इन में रहती थी और पार्टनर बच्ची को लेकर उसे ताने मारता था। क्रिश्चियन गंज पुलिस ने बताया- अंजली सिंह (28) उर्फ प्रिया पत्नी राजू को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने अपनी 3 साल की बेटी काव्या सिंह की हत्या की। महिला बनारस, यूपी की रहने वाली है। पति से अलग होने के बाद बेटी के साथ अजमेर आ गई थी। यहां एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। महिला अजमेर के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट है। युवक भी उसी होटल में काम करता है। पूछताछ में सामने आया कि महिला पहले से शादीशुदा थी। उसने अपने पति राजू निवासी बनारस (यूपी) को एक साल पहले ही छोड़ दिया था। इसके बाद से अपने लिव-इन-पार्टनर अल्केश के साथ अजमेर आकर रह रही थी। पूछताछ में महिला का कहना है कि लिव-इन-पार्टनर बेटी को लेकर ताने देता था। कहता था कि ये उसके पहले पति की बेटी है। परेशान होकर उसने बेटी को झील में फेंक दिया।

### उदयपुर में दिनदहाड़े विवाहिता का अपहरण, किया था प्रेम विवाह



**भटेवर (उदयपुर)।** खेरोदा थाना क्षेत्र के भटेवर कस्बे में बुधवार को कार में सवार होकर आए बदमाशों ने दिन दहाड़े विवाहिता का उसके घर में से अपहरण कर लिया। पूरी वारदात घर के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खेरोदा निवासी एक युवती ने कुछ समय पहले भटेवर निवासी युवक से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद दोनों भटेवर स्थित अपने घर ही रह रहे थे। बुधवार को दो कारों में सवार होकर करीब 10 लोग उनके घर पहुंचे। विवाहिता को घर में से जबरन खींचकर घसीटते हुए बाहर लाए और कार में डालकर ले गए। जब विवाहिता का ससुर बीच बचाव करने का प्रयास किया तो अपहरणकर्ताओं ने उनको भी घर के अंदर बन्द करके बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद विवाहिता के पति ने खेरोदा थाने में अपहरण का मामला भी दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाधिकारी सुरेश विश्नोई ने बताया कि पुलिस टीमें गठित कर तलाश की जा रही है। मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

### सेल्फी लेते समय गुजरात का पर्यटक 300 फीट खाई में गिरा

**सिरोही।** प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में बुधवार शाम को एक बार फिर सेल्फी लेने के चक्कर में बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि जब पर्यटक सेल्फी ले रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर फिसल गया और वह करीब 250 से 300 फीट गहरी खाई में गिर गया। घायल पर्यटक की पहचान गुजरात के मेहसाना निवासी 50 वर्षीय विष्णु भाई ठाकुर के रूप में हुई है। हादसा माउंट आबू से आबूरोड मार्ग पर आरणा हनुमानजी के पास हुआ। सूचना मिलते ही माउंट आबू थानाधिकारी प्रदीप डांगा मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका आपदा दल के प्रभारी राजकिशोर शर्मा, आपदा प्रबंधन दल, समाजसेवी और पुलिस प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीम को गहरी खाई में उतरने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद घायल पर्यटक को खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए आबूरोड ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार पर्यटक को गंभीर चोटें आई हैं। थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि पर्यटक को समय रहते बचा लिया गया, अन्यथा हादसा जानलेवा साबित हो सकता था।

## डीजीपी की जोधपुर में अपराध समीक्षा बैठक

# पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता और पारदर्शिता पर रहा जोर

FAIR REPORT
**जयपुर।**




महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को जोधपुर पुलिस आयुक्तालय का दौरा किया और यहां पुलिस अधिकारियों के साथ एक विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में पुलिस आयुक्त, उपायुक्तों और सभी थानाधिकारियों समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आयुक्तालय में दर्ज आपराधिक मामलों की स्थिति, चुनौतियों और पुलिस द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की गहन समीक्षा करना था। डीजीपी शर्मा ने बैठक में कई अहम पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने प्रकरणों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी अनुसंधान पर जोर देते हुए पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में अनुसंधानिक कार्यवाही करने और नवीन आपराधिक कानूनों की सम्पूर्ण जानकारी रखते हुए इसके अन्तर्गत प्रभावी विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर मामले खासकर महिला अपराधों पोक्सो, बलात्कार और एससी और एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में निष्पक्षता और पारदर्शिता से जांच की जाए। उन्होंने केस ऑफिसर स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया ताकि महत्वपूर्ण मामलों में त्वरित कार्रवाई हो सके।

बैठक के दौरान डीजीपी ने पुलिस की गश्त बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि दिन और रात की गश्त को मजबूत किया जाए ताकि आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़े। इसके अलावा उन्होंने वांछित अपराधियों जैसे कि घोषित अपराधी, मफरूर और स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। साइबर अपराधों को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान की जाए और आम जनता को ऐसे अपराधों के प्रति जागरूक किया जाए। डीजीपी ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक साल से अधिक समय से लंबित पड़े मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किंगपिन और सप्लायर्स की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने पुलिस स्वागत कक्षों का सही उपयोग सुनिश्चित करने और किराएदारों, घरेलू नौकरों का अनिवार्य चरित्र सत्यापन कराने की बात कही।

## औरंगजेब की तारीफ पर विवाद : कुलपति सुनीता मिश्रा ने मांगी माफी

# 'मेवाड़ से माफी चाहती हूं'

FAIR REPORT
**दौसा**



मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की कुलपति सुनीता मिश्रा के औरंगजेब को कुशल शासक बताने के बाद से स्टूडेंट्स नाराज हैं। अब कुलपति ने अपना एक वीडियो जारी कर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सहित सर्वसमाज से माफी मांगी है। वहीं, मंगलवार को भी प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स ने प्रशासनिक भवन को लॉक कर दिया था। जबकि वीसी अंदर ही मौजूद थीं। करीब 6 घंटे बाद रात 11.30 बजे उन्हें पुलिस सिक्योरिटी में घर पहुंचाया गया। दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सेमिनार में दिए बयान के बाद कुलपति को आड़े हाथों लिया। मंत्री ने कहा कि कुलगुरु के बयान से लगता है कि वे माओवादियों से प्रभावित हैं। इस तरह का आचरण करने वाले कुलगुरु को बर्खास्त कर देना चाहिए। एक वीसी पहले भी यहां आया था जिसने गुलाबचंद कटारिया को जूते की माला पहनाने की बात कहीं, उनका क्या हाल हुआ सबको पता है। वहीं श्री राजपूत करणी सेना ने भी बुधवार शाम को प्रेस वार्ता की। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही कुलपति को नहीं हटाया गया तो वे उदयपुर बंद कराएंगे। वहीं, कुलपति ने यूनिवर्सिटी में तीन दिन से हो रहे हंगामे के बाद आज दोपहर अपना एक वीडियो जारी किया। कुलपति ने वीडियो में कहा- '12 सितंबर को 'विकसित भारत का रोडमैप' विषय पर सेमिनार हुआ था। उसमें मैंने भूलवश कुछ बोल दिया था।

### 'कांग्रेस के पास जनता का मुद्दा नहीं'

विधानसभा में कैमरे लगने के मामले पर मंत्री बोले कि कैमरे किसी बेडरूम में नहीं लगे, वे सदन के हाल में लगे जहां पर सदन की कार्रवाई चलती है। पहले से कैमरे लगे थे और ये जो लगाए ये हाई क्वालिटी के है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से एक बार एक जना कूद गया ऐसी घटना नहीं हो, निगरानी के लिए लगाए है। कांग्रेस के पास जनता का कोई मुद्दा नहीं है इसलिए ऐसी बातें कर रहे हैं। जनता का कोई मुद्दा उन्होंने उठाया नहीं। वे कभी टोपी पहन कर आ जाते, कभी जैकेट, उससे जनता का भला नहीं होना है। जनता के लिए मुद्दे उठाने चाहिए। इस प्रकार मात्र नाटक किया है।

### 'उन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए'

विश्वविद्यालय में हुए हंगामे पर खराड़ी ने कहा- कुलपति खुद को इतिहास की जानकार समझती हैं। उन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए। औरंगजेब सबसे अच्छा प्रशासक था, तो क्या उन्हें नहीं पता कि वह क्या कर रहा था? एक हाथ में तलवार और दूसरे में कुरान है। या तो कुरान कबूल करो या फिर सिर झुकाओ। तो क्या वह एक अच्छे प्रशासक थे? अगर आपको एक अच्छा प्रशासक देखना है, तो मेवाड़ में राणा सांगा को देखिए। उनके पास केवल ढाई अक्षर हैं, फिर भी उन्होंने मेवाड़ में सबसे अच्छा शासन दिया। मंत्री ने पूछा, ऐसी टिप्पणी करके वह किससे प्रभावित हैं? मेरा मानना है कि वह कहीं न कहीं माओवादियों से प्रभावित हैं। हमारे पूर्वजों के इतिहास का अध्ययन होना चाहिए, और उदयपुर के निवासी इस मामले से बहुत नाराज़ हैं। मैंने नाराज़ छात्रों को सलाह दी कि वे क़ानून अपने हाथ में न लें। हम सरकार को बताएंगे कि उनका आचरण अनुचित है।

### बच्चों से भरी टेंपो पलटने से 1 बच्ची की मौत, 11 घायल

**नागौर।** प्रदेश के नागौर जिले के मेड़ता सिटी से जहां स्कूली बच्चों से भरा टेंपो पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्दनाक हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि कुल 11 बच्चे घायल हो गए। हादसे में घायल 11 बच्चों को हादसे के बाद मेड़ता उपजिला चिकित्सालय लाया गया। बताया जा रहा है कि यह घटना लापोलाई गांव के दरियाव शिक्षण संस्थान का बताया जा रहा। बच्चों को लाते समय रालीयावता फांटा के पास बच्चों से भरी टेंपो पलट गई। वहीं बच्चों के पहुंचने पर मेड़ता उप जिला अस्पताल में कोहराम मच गया परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। वहीं 11 बच्चे जो दुर्घटना में घायल हुए उनका इलाज किया गया। जिसके बाद बच्चों को हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई जबकि कुछ बच्चों का उपचार अभी तक जारी है। यह हादसा रालियावता के पास स्कूली टेंपो पलटने से हुआ हादसे के बाद मेड़ता सिटी थाना अधिकारी को इस घटना की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे।

## पूर्व पार्षद व व्यापारी के ठिकानों पर ईडी की रेड

FAIR REPORT
**बीकानेर**



फिलिस्तीन का समर्थन करने और विदेशी फंडिंग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई बीकानेर में हुई। जयपुर से आई ईडी की टीम ने 6 ठिकानों पर छापा मारा। इसमें पूर्व पार्षद और एक व्यापारी भी शामिल है। बताया जा रहा है कि ईडी को बीकानेर से फिलिस्तीन के समर्थन और विदेशी फंडिंग का इनपुट मिला था। कार्रवाई के लिए ईडी की टीम जयपुर से यहां मंगलवार को ही पहुंच गई थी। इसके बाद बुधवार सुबह 8 बजे कार्रवाई शुरू की। मौके पर सीआरपीएफ के जवान भी तैनात किए गए था। एरिया को सील कर दिया गया था। एसपी कावेंद्र सिंह सागर के आदेश पर कोटगेट और सदर पुलिस बल इस टीम के साथ पहुंचा था। सदर थानाधिकारी खुद भी सुभाषपुरा पहुंचे। मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में भी ईडी की टीम पहुंची। करीब 6 ठिकानों पर ईडी पहुंची थी। पिछले दिनों में बीकानेर में फिलिस्तीन के समर्थन में कुछ गतिविधियां हुई थी। हालांकि ईडी के अधिकारियों ने इसे लेकर कोई जानकारी नहीं दी।

## दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी हुआ

**कोटा।** नीट यूजी के परिणाम के आधार पर चल रही मेडिकल काउंसलिंग में ऑल इंडिया 15 फीसदी कोटा काउंसलिंग के तहत दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट बुधवार को जारी हो गया। इसमें जनरल कोटे को 24949 ऑल इंडिया रैंक तक भी सीट अलॉट हुई। दिल्ली एम्स में 48 ऑल इंडिया रैंक तक जनरल कैटेगिरी में सीट मिल पाई। इसी तरह से दूसरे एम्स में 5761 तक भी एमबीबीएस की सीट अलॉट हुई। 24949 ऑल इंडिया रैंक पर जनरल कोटे से नागालैंड इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च पेरीफेरी कोहिमा मिला। इस रैंक पर नीट का स्कोर 529 है, जबकि 5761 रैंक पर एम्स मदुरई अलॉट किया गया।

## बद्रीनाथ मंदिर के ट्रस्ट और पुजारी में विवाद, बाजार बंद, धरने पर बैठे

FAIR REPORT
**गंगापुरसिटी**



प्रदेश के गंगापुर सिटी में शहर के मध्य स्थित बद्रीनाथ जी मंदिर को लेकर बुधवार को अग्रवाल–खंडेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट और मंदिर के पुजारी रामेश्वर शर्मा के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद एक बार फिर गहराने से तनाव पूर्ण स्थिति पैदा हो गई। विवाद के चलते शहर के मुख्य बाजार बंद रहे और बड़ी संख्या में समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। ट्रस्ट का दावा है कि बद्रीनाथ जी मंदिर अग्रवाल-खंडेलवाल समाज का ट्रस्ट है, जबकि पुजारी रामेश्वर शर्मा का कहना है कि यह सर्वसमाज का मंदिर है और ट्रस्ट को अधिकार नहीं है। बताया जाता है कि रामेश्वर शर्मा का परिवार पीढ़ियों से मंदिर में पूजा-अर्चना और देखरेख करता आ रहा है। पहले वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत रहे, लेकिन जब ट्रस्ट ने कर्मचारियों को बदलने का निर्णय लिया, तब पुजारी ने मंदिर खाली करने से इनकार कर दिया।

एक वर्ष पहले ट्रस्ट ने मंदिर के निर्माण और मरम्मत कार्य की अनुमति प्रशासन से ली, जिसके बाद कार्य शुरू किया गया। चूंकि मंदिर और उससे जुड़ी धर्मशालाओं व दुकानों की करोड़ों रुपए की संपत्ति है, इस कारण विवाद और गहराता चला गया। हाल ही में ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पुजारी पर गाली-गलौज और मारपीट के आरोप लगाए थे।

## जिंदगी दाव पर : रूस-यूक्रेन वॉर में फंसे स्टूडेंट को मेडिकल यूनिट में लिया, घायल सैनिकों की देखरेख कर रहा

# 'दो महीने बाद वीजा खत्म हो रहा, फंस न जाए बेटा'

FAIR REPORT
**बीकानेर**



राजस्थान से मॉस्को (रूस) में पढ़ाई के लिए गए अजय गोदारा (24) की अपने परिजनों से बात हुई। अजय का दावा है कि उसे अब यूक्रेन में रूसी सेना की मेडिकल टीम के साथ जोड़ दिया गया है। वह यूक्रेन में घायल सैनिकों की देखरेख का काम संभाल रहा है। इधर, पिता ने बताया कि उसका वीजा नवंबर महीने में खत्म हो रहा है। ऐसे में, उससे पहले उसकी घर वापसी नहीं हुई तो कहीं बेटा यूक्रेन में ही न फंस जाए। परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है कि अजय की जल्द से जल्द घर वापसी करवाई जाए।

दरअसल, राजस्थान के बीकानेर अरजनसर के रहने वाले अजय गोदारा ने अपने परिजनों को 2 वीडियो भेजे थे। वीडियो में उसने दावा किया था कि जबरन युद्ध के मैदान में उतार दिया गया है। वीडियो में वो रशियन सेना की वर्दी पहने जंगल के इलाके से चलता नजर आ रहा था। दावा था कि उसके जैसे और भी यहां कई स्टूडेंट हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में उसके एक दोस्त की मौत भी हुई है। वीडियो सामने आने के बाद से परिवार परेशान था। परिजनों ने सरकार से उनके इकलौते बेटे को वापस लाने की मांग की थी।

अजय के पिता महावीर प्रसाद ने बताया- बेटे का बेटे का वीजा 28 नवंबर 2025 तक का है। ऐसे में अगले 2 महीने में उसका वीजा ही समाप्त हो जाएगा। चिंता ये है कि वीजा खत्म होने के वक्त भी अगर वो यूक्रेन ही रहा तो वापसी की मुश्किल हो जाएगी। पिता ने बताया कि आज सुबह ही उसका फोन आया था। वीडियो कॉल पर सभी घर वालों से बातचीत हुई थी। इस दौरान अजय ने बताया कि उसे अब मेडिकल टीम में शामिल किया गया है, जहां घायल जवानों को इलाज किया जा रहा है।

### मंत्री सुमित गोदारा से की अपील

लूणकरनसर में राज्य के केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा से अजय के पिता और अन्य परिजनों ने मुलाकात की। गोदारा ने भी इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस मामले में परिजन एक दो दिन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करने का प्रयास कर रहे हैं। अजय के परिजनों की गुहार पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विदेश मंत्री जयशंकर को पत्र लिखकर अजय की सुरक्षित घर वापसी करवाने की अपील की है। पत्र में मेघवाल ने कहा है कि अजय को गलत जानकारी देकर सेना में भर्ती किया गया है। अब उसे सुरक्षित भारत लाने के लिए अर्जेंट डिप्लोमेटिक चर्चा की जानी चाहिए। मेघवाल ने इस मामले में विदेश मंत्री को व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। यह पत्र मेघवाल ने 8 सितंबर को लिखा था।

# Udaipur Artist Pays Tribute to PM Modi with Rare 'Jal Sanjhi' Art

FAIR REPORT
Sohail Khan

**Udaipur:** Renowned artist Rajesh Vaishnav from the cultural capital of Rajasthan, Udaipur, extended heartfelt birthday wishes to Prime Minister Narendra Modi in a unique style. Through the traditional art form of "Jal Sanjhi," he expressed his respect and admiration for the Prime Minister. In this rare art form, images and messages are created on the surface of water using natural colors and charcoal powder. Rajesh Vaishnav said, "It is my privilege to convey my birthday greetings to the Prime Minister through our traditional art. Jal Sanjhi is a heritage passed down in my family for generations. I spent around 10 hours meticulously creating this artwork, which includes the map of India, the tricolor flag, and a special message wishing 'Heartfelt birthday wishes to PM Narendra Modi Ji.'




My intention is not just to create an artistic piece but to preserve this ancient art form for future generations." The special artwork was created at Govardhan Nath Temple, Kalash Marg, Jagdish Chowk, where traditionally Krishna Leela is depicted using Jal Sanjhi. This time, Rajesh Vaishnav added a contemporary message, giving the traditional art a modern dimension. Local social workers and artists praised this effort, calling it a powerful way to spread positive messages in society.



Rajesh Vaishnav further added, "Jal Sanjhi involves using natural colors and charcoal powder to create images on the water surface. It is not just a visual art but also delivers a spiritual message. I hope everyone joins me in wishing good health and a long life to Prime Minister Modi. At the same time, I wish this art form continues to be known and cherished by the coming generations."

This unique initiative became more than an art performance; it turned into a source of inspiration for the community. The people of Udaipur appreciated the innovation and began to understand the significance of Jal Sanjhi. The event beautifully blended traditional devotion with a modern message, leaving a lasting impact on everyone present.

# Fake Cattle Feed Racket Busted in Chittorgarh, Trader Files Complaint

FAIR REPORT
Manish Malani

**Chittorgarh:** A case of fake cattle feed supply has come to light in the district. Ramsahay Maliwal, a resident of Ayodhyapuri and proprietor of Rajaram Traders, lodged a complaint at the Kotwali police station. Maliwal is an authorized dealer of cottonseed cattle feed under the Mohanbhog trademark. He stated that he had received information about fake feed being sold in Chittorgarh under the guise of the original product.

Acting on the tip, Ramsahay, along with his associates Amit Jain and Kailash Bhandari, reached the spot and inspected a pickup truck loaded with about 50 sacks of cattle feed. At first glance, the packaging looked original, but upon closer inspection, several discrepancies were found that exposed the fake goods.



**HOW THE COUNTERFEIT WAS DETECTED**

- • Genuine sacks carry the line "This Packaging Material Manufactured by MULTILEAP PACKAGING, Lajai", while the fake ones read "MULTILEAP PACKAGIN - Lajai" with a clear spelling error.
- • The genuine feed bags display the trademark number 1377925 prominently, whereas on the counterfeit it was hidden within a watermark to appear authentic.
- • The dash (-) mark used in the 2024–25 batch coding also differed—thin on genuine, thick on fake.
- • On the original packaging, the name "Mohan Bhog" is printed in light yellow, while the fake shows it in a darker shade.
- The warning text was also different — the genuine one reads "Beware of fake and similar products", while the fake one says "Beware of fake and similar names."
- • The six small icons printed beneath the trademark number were also different in the counterfeit sacks.

**Accusation Against Mavli-based Company**

During questioning, pickup driver Rahul Yadav revealed that he had sourced the feed from Siddharth Trading Company, Mavli. According to him, he had been delivering this feed in Chittorgarh on the instructions of company owner Shubham Chhajed. Maliwal further informed police that he has been appointed as an authorized agent by Virchand Narsi Company to investigate and take legal action against counterfeit products in the Chittorgarh region. He has demanded strict action against Siddharth Trading Company and others involved in this racket. The police have registered the complaint, seized the truckload of feed, and initiated further investigation.

# Counterfeit Currency Racket Busted in Chittorgarh, 3 Arrested



FAIR REPORT
Manish Malani

**Chittorgarh:** Kotwali police busted a counterfeit currency racket, arresting three youths from Kota and Jhalawar districts for circulating fake 500 notes. The gang, posing as tourists, was caught after a woman vendor in the main vegetable market identified one suspect who repeatedly paid with fake notes. Shopkeepers nabbed him and informed police, leading to the recovery of 30 counterfeit notes.

The accused — Asif Ali, Adil Khan, and Shahnawaz Khan — were found operating from a hotel. Asif, identified as the mastermind, had identical serial-numbered notes. Police said they targeted small vendors for easy transactions. The trio is on three-day remand as investigators track their supplier. Authorities urged traders to remain vigilant and report suspicious notes immediately.

# Rajasthan Women's Cricket Squad Announced

FAIR REPORT





**Jaipur:** The Rajasthan Cricket Association's (RCA) ad-hoc committee on Wednesday announced the 20-member Rajasthan Senior Women's team for the 2025–26 BCCI domestic season. The squad was finalized by the Women's Selection Committee after reviewing performances in the Senior Women's Trophy, Challenger Trophy, and a preparatory training camp.

Ad-hoc committee convener D.D. Kumawat said the team represents a mix of experienced players and emerging talents, reflecting Rajasthan's growing cricketing depth. Merit, consistency, and temperament were key selection criteria.

The squad includes prominent names such as Ayushi Garg, Dimple Kanwar, Sumitra Kumari Jat, Chandra Jyotsna Bhati, Arju, Kanchan Hooda, Sangeeta Kumawat, Siddhi Pawan Sharma, and Suman Meena, along with other promising players.

The team will compete in BCCI's One-Day and T20 tournaments. Officials expressed confidence in the players' ability to perform strongly and reaffirmed RCA's commitment to improving training, infrastructure, and opportunities to promote women's cricket in Rajasthan.

# Senior Assistant of Rajgarh Municipal Council Arrested for Taking ₹1.90 Lakh Bribe

FAIR REPORT

**Jaipur:** In a major crackdown on corruption, the Anti-Corruption Bureau (ACB) has arrested a senior assistant of Rajgarh Municipal Council, Churu district, red-handed while accepting a bribe of 1,90,000.

According to Smita Srivastava, Additional Director General of Police, Anti-Corruption Bureau, the Jhunjhunu ACB unit carried out the operation following a complaint. The complainant had submitted a file for the conversion of a vacant plot of land at the Rajgarh Municipal Council. The accused, Rakesh Dhayal, Senior Assistant and in charge of the Land Branch, allegedly demanded a bribe of 3 lakh in addition to the official conversion fee. During confidential verification on September 16, 2025, it was found that Dhayal, in collusion with draftsman Pawan Mudral, sought 96,500 as official conversion fees along with an additional 1 lakh as bribe. Acting upon the verified complaint, a trap was organized. On Thursday, the accused was caught accepting 1,90,000 in cash from the complainant, which was recovered from his office table.

# 150 Wards, One City: Jaipur Civic Delimitation Finalised

FAIR REPORT

**Jaipur:** The Rajasthan government has completed the delimitation process for the Jaipur Municipal Corporation following the merger of Jaipur Heritage and Greater Jaipur six months ago. The new civic body will now have 150 wards, with boundaries drawn on the basis of population. An official gazette notification is expected soon.

**Merger and Public Consultation**

After announcing the merger of the two corporations earlier this year, the state government invited public objections and suggestions on ward demarcations. Once these inputs were reviewed and addressed, the delimitation proposal was approved and finalised.

**Upcoming Elections**

The terms of the erstwhile Jaipur Heritage and Greater Jaipur corporations end in November. Under the state's "One State, One Election" plan, polls for all municipal corporations are likely to be held together, possibly early next year.

**Largest and Smallest Wards**

According to the final plan, Ward 135 has emerged as the largest with a population of 32,272, while Ward 31 is the smallest, housing 13,499 people. This differs from the earlier draft plan in which Ward 19 was the largest (37,711) and Ward 132 the smallest (10,371).

**Reservation Process**

Following the gazette notification, the District Election Office will fix reservations for Scheduled Castes and Scheduled Tribes based on ward populations. Subsequently, reservations for OBCs and women will be allocated through a lottery process conducted jointly by the Department of Local Self-Government and the District Election Office.

# Congress Holds Kisan Sammelan in Begun, Targets BJP Over Farmers' Distress and "Vote Theft"

FAIR REPORT

**Jaipur:** The Rajasthan Pradesh Congress Committee organized a massive Kisan Sammelan on Tuesday at Borav village in Begun constituency, Chittorgarh district, in a show of strength aimed at mobilizing rural voters ahead of upcoming local elections. The event witnessed the presence of PCC chief Govind Singh Dotasra, Leader of Opposition Tikaram Juli, former MP candidate Udaylal Anjana, Adivasi Congress president and MLA Ganesh Ghogra, along with several senior Congress leaders and workers.




Addressing thousands of farmers, Dotasra launched a sharp attack on the BJP governments at the Centre and in Rajasthan. He accused Prime Minister Narendra Modi of "betraying farmers, youth, women, and workers" by failing to deliver on promises such as doubling farmers' income, providing two crore jobs annually, and curbing corruption. "Instead of relief, farmers are weeping tears of blood today," he said, recalling that under UPA, 72,000 crore farm loans were waived, while the previous Congress government in Rajasthan waived loans worth 14,000 crore.

Dotasra also hit out at the state BJP government, alleging it has remained invisible in addressing people's issues. "Ask villagers today who the cooperative, agriculture, or electricity ministers are — nobody knows because their work is not reaching the ground," he remarked. He further charged the Education Minister of making "irresponsible and derogatory remarks" while failing to improve schooling. The Congress leader accused BJP of "stealing votes" through misuse of institutions like SIR and suppressing the voices of the poor and marginalized. He praised Rahul Gandhi and Mallikarjun Kharge for "exposing the conspiracy." Calling upon party workers to unite beyond personal preferences, Dotasra said, "Real leadership means wiping the tears of the people." He urged Congress cadres to prepare for upcoming panchayat and municipal elections by standing firmly with farmers, tribals, and the poor.

FAIR SPOTLIGHT

# Er. Sudhir Kumar Sahu: The Engineer Who Inspires Beyond Boundaries

FAIR REPORT



Er. Sudhir Kumar Sahu is a man whose life flows seamlessly across engineering, literature, finance, and social service. His journey reflects how knowledge, when combined with vision and humility, can touch lives and inspire generations.

Born on October 9, 1965, in Odisha to Sarat Kumar Sahu and Jagyanseni Sahu, he grew up with values of discipline, perseverance, and service—principles that continue to guide his remarkable career.

Professionally, Sahu serves as the Additional Chief Engineer of Hirakud Dam, the world's longest earthen dam. Since beginning his career in 1994, he has led projects in irrigation management, water distribution, and flood control—efforts that have strengthened agriculture, generated energy, and safeguarded livelihoods across Odisha and beyond. For him, engineering is not just about structures, but about people. What makes him exceptional is his ability to pair technical brilliance with literary passion. Author of 23 books read in over 13 countries, Sahu has established himself as both an engineer and a thinker. His writings explore science, society, and culture, blending precision with creativity.

Equally devoted to social service, he is an active member of the Rotary Club, Burla, and works with over 20 charitable and welfare organizations. His philosophy is simple yet powerful—service is not optional, it is a duty. Honored with more than 50 awards, including the Rashtriya Gaurav Samman, Desh Ratna Award, and World Icon Award, Sahu remains grounded, focusing more on giving back than on accolades. Engineer, author, social worker—Er. Sudhir Kumar Sahu embodies a multifaceted legacy. His life reminds us that true excellence lies not in mastering a single field but in embracing every chance to create, to serve, and to inspire.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.